शुक्रवार
17 मार्च, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



उचक्कई की घटना के बाद बैंकों की सुरक्षा में सख्त हुई पुलिस, चलाया अभियान 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## अरुणाचल प्रदेश में सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, दोनों पायलट शहीद

◆ मारे गए पायलटों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल बीबी रेड्डी और मेजर जयंत के रूप में हुई है, दोनों का शव बरामद



**एजेंसी/इटानगर**

अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना का चीता हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। घटना अरुणाचल प्रदेश के मंडला पहाड़ी इलाके के पास की है। जहां भारतीय सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वेस्ट कामेंग जिले के एसपी बी.आर.बोमारेड्डी ने बताया कि हेलीकॉप्टर हादसे में दोनों पायलट की मौत हो गई है। मारे गए पायलटों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल बीबी रेड्डी और मेजर जयंत का शव दुर्घटना स्थल से बरामद कर लिया गया है। दोनों के शवों को निकट के अस्पताल लाया जा रहा है, जहां पर अंतिम कार्रवाई की जाएगी। शव शाम करीब चार बजे मिले। पिछले साल अक्तूबर में भी तवांग क्षेत्र में सेना का एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें एक पायलट की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 9.15 बजे अरुणाचल प्रदेश के बोमडिला के पास एक ऑपरेशनल सॉर्टी के दौरान आर्मी एविएशन के चीता हेलीकॉप्टर के एटीसी से संपर्क टूटने की सूचना मिली थी। बाद में पता चला कि हेलीकॉप्टर बोमडिला के पश्चिम में मंडला के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

**पिछले साल अक्तूबर में भी हुआ था चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त:** पिछले साल पांच अक्तूबर को अरुणचाल प्रदेश के तवांग में एक नियमित उड़ान के दौरान सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में सेना के दो पायलट घायल हो गए थे, जिनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। सेना के अधिकारी ने बताया था यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे एक नियमित उड़ान के दौरान तवांग के आग्रिम क्षेत्र जेमीथांक सर्कल के बाप टेंग कांग जलप्रपात क्षेत्र के पास न्यामजांग चू में हुई।

हेलीकॉप्टर दो पायलटों के साथ सुरवा सांबा क्षेत्र से नियमित उड़ान पर आ रहा था। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद वहां राहत बचाव टीम मौके पर पहुंची फिर दो गंभीर रूप से घायल पायलटों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। दोनों पायलटों में से एक लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तवांग में यह पहला हेलीकॉप्टर हादसा नहीं था। 2017 में वायु सेना के Mi-17 V5 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पांच चालक दल के सदस्य और सेना के दो अधिकारी मारे गए थे।

## सीवान में डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचला, मौत

**केटी न्यूज/सीवान**

बिहार के सीवान में गुरुवार को सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई है। बताया गया कि तेज रफ़्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक पर सवार तीन युवकों को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा ओवरब्रिज की है।

मृत युवकों की पहचान जीरादेई थाना क्षेत्र के बरहुलिया गांव निवासी चंद्रिका मांझी के पुत्र अमन कुमार, राजू मांझी के पुत्र कुंदन कुमार और रविन्द्र मांझी के पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर बैठकर मैरवा ओवरब्रिज की तरफ से जा रहे थे तभी तेज रफ्तार आ रही डंपर ने इन्हें कुचल दिया।

### लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा

युवकों की मौत के बाद लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। आक्रोशित लोग डंपर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। इस बारे में डायल 112 की पुलिस जवान ने बताया कि तीनों बाइक से कहीं जा रहे थे। डंपर की चपेट में आने से तीनों युवकों की मौत हुई है। जैसे ही मामले की सूचना मिली तुरंत तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉ ने उनको मृत घोषित कर दिया।

## कोर्ट का आदेश... तय सीमा में कागजात और रिकॉर्ड प्रस्तुत करें शिक्षक

**पटना।** पटना हाइकोर्ट ने राज्य में बड़ी संख्या में फर्जी डिग्रियों के आधार पर नियुक्त शिक्षकों की बहाली मामलें पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एक समय सीमा निर्धारित करें, जिसके तहत सभी संबंधित शिक्षक अपना डिग्री व अन्य कागजात प्रस्तुत करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के भीतर कागजात व रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट तलब किया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीनू कुमार ने कोर्ट को बताया कि बड़ी संख्या में जाली डिग्रियों के आधार पर शिक्षक राज्य में काम कर रहे हैं। साथ ही वे वेतन उठा रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### अपनी मांगों को लेकर बिहार विधानसभा घेरने पहुंचा मुखिया संघ

**पटना।** दीर्घलंबित मांगों को लेकर बिहार मुखिया संघ ने गुरुवार को बिहार विधानसभा का घेराव करने की कोशिश की। राज्य के अलग अलग जिलों से पहुंचे मुखिया ने नीतीश सरकार पर कई मांगों को लटकाने का अरोप लगाया। हालांकि विधानसभा घेराव की मुखिया संघ की कोशिश नाकाम रही क्योंकि पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। मुखिया संघ का कहना है कि पिछले करीब एक साल में राज्य में 30 मुखिया की हत्या हो चुकी है। मुखिया की सुरक्षा सुनिश्चित करने के वादे के साथ नीतीश सरकार ने हथियार का लाइसेंस जारी करने की बात कही थी। लेकिन, अब तक जारी नहीं हुआ है। मुखिया संघ की ओर से नारा लगाया गया कि जो मुखिया की बात सुनेगा वही 2024 और 2025 में सरकार बनाएगा। उनका इशारा अगले साल के लोकसभा और फिर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की ओर था। स्वराज मार्च के नाम से मुखिया संघ का यह विरोध प्रदर्शन हड़ताली मोड़ तक निकला। इस दौरान मुखिया संघ ने राज्य सरकार से मनरेगा योजना को सशक्त करने, मजदूरों की समस्या का समाधान करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन चालू करने, मनरेगा भुगतान अधिकार पंचायत को देने सहित ग्राम पंचायतों के कई अन्य अधिकारों और मांगों को पुनर्बहाल करने सहित उनकी मांगों को लागू करने के पक्ष में नारेबाजी की। वहीं सोलर लाइट लगाने के नियम और इसके रखरखाव को बेहतर बनाने के लिए पंचायतों को विशेष अधिकार देने की मांग की गई।

**नौकरी के बदले जमीन का मामला : सीबीआई ने गिरफ्तार नहीं करने का दिया भरोसा**

# तेजस्वी को गिरफ्तारी से राहत 25 मार्च को पेश होने का आदेश

◆ सीबीआई का समन मिलने के बाद डिप्टी सीएम तेजस्वी ने दिल्ली सीबीआई ऑफिस में पूछताछ नहीं करने का किया था आग्रह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से भी कोई राहत नहीं मिली है। दिल्ली में सुनवाई को मामले को लेकर कोर्ट के दरवाजे पर पहुंचे तेजस्वी यादव को अदालत ने 25 मार्च को सीबीआई के सामने पेश होने का आदेश दिया है। सीबीआई ने कोर्ट में कहा- वह मार्च में तेजस्वी को गिरफ्तार नहीं करेंगे। सीबीआई का समन मिलने के बाद तेजस्वी यादव ने दिल्ली सीबीआई ऑफिस में पूछताछ नहीं करने की रिक्वेस्ट की थी। उन्होंने कहा, अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है इसलिए उनको 5 अप्रैल को बुलाया जाए। उनके वकील ने कहा, याचिकाकर्ता बिहार के डिप्टी सीएम हैं और अभी बजट सत्र चल रहा है, जिस वजह से उनका आना संभव नहीं होगा वह 5 अप्रैल के बाद कभी भी सीबीआई दफ्तर आ जाएंगे। ऐसे में सीबीआई ने कहा, शनिवार को बिहार विधानसभा नहीं चलती है, वह अभी से लेकर इसी महीने में ही किसी भी शनिवार को पूछताछ के लिए आ जाएं, ऐसे में उनके वकील ने कहा, उनके घर में उनकी पत्नी भी गर्भ से हैं, ऐसे में सीबीआई ने अदालत को भरोसा दिलाया, मार्च महीने में एजेंसी उनको गिरफ्तार नहीं करेगी।

**बुधवार को दी थी लालू, मीसा और राबड़ी यादव को जमानत:** इससे पहले दिल्ली की विशेष राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी से जुडे. मामले में राजद के नेता और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को जमानत दे दी। अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 29 मार्च के लिए सूचिबद्ध कर दिया।



### झूठे मामले में फंसाने की हो रही कोशिश : शक्ति यादव

**पटना।** गुरुवार को आरजेडी प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा है कि तेजस्वी 25 तारीख को सीबीआई के सामने पेश होंगे। कोर्ट के हर आदेश का पालन होगा। उन्होंने कहा कि लैंड फॉर जॉब स्कैम के झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की जा रही है। कहा कि केंद्र सरकार तेजस्वी से डरी हुई है। विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेज देगी। 25 मार्च को लेकर हमारी लीगल टीम अपना काम करेगी। इस मामले में झूठे आरोप लगाकर लालू यादव और उनके परिवार को फंसाया जा रहा है। बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट ने तेजस्वी को 25 मार्च को सीबीआई के सामने पेश होने को कहा है। इससे पहले तीन बार सीबीआई ने पूछताछ के लिए समन जारी किया था लेकिन तेजस्वी नहीं गए थे।

उपमुख्यमंत्री ने 'लैंड फॉर जॉब स्कैम' मामले में सीबीआई के समन खिलाफ बुधवार 15 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया था। उन्होंने हाई कोर्ट से सीबीआई के समन को रद्द करने की मांग की थी। उनके वकील ने कहा कि दिल्ली में पूछताछ का समन गलत है।

### भोजपुरी भाषा में द्विअर्थी व अश्लील शब्दों के इस्तेमाल को लेकर विधानसभा में नोकझोंक

**पटना।** विधान परिषद में गुरुवार को प्रश्नोतर काल के दौरान सुनील कुमार सिंह के भोजपुरी भाषा में द्विअर्थी व अश्लील शब्दों के इस्तेमाल को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों के बीच नोकझोंक हुई। इसमें सुनील कुमार सिंह द्वारा भोजपुरी गीतों में अश्लीलता का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भाजपा द्वारा सांसद बनाये जाने पर आपत्ति जताई गई। इसके बाद सदन शोरगुल शुरू हो गया। सभापति देवेशचंद्र ठाकुर ने कहा कि जो व्यक्ति इस सदन के सदस्य नही है,उन पर चर्चा नही की जाएगी। वहीं, शून्य काल के पूर्व भाजपा की निवेदिता सिंह ने सदन में महिला सदस्यों के प्रश्नों के लेने, पूरक पूछे जाने का पर्याप्त अवसर नही दिए जाने की बात कही और सभापति से इसको लेकर कोई ठोस निर्णय लेने का अनुरोध किया।

**सत्ता पक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से माफी मांगने को कहा:** बिहार विधानसभा में आज सत्ता पक्ष ने नेता प्रतिपक्ष से माफी मांगने को कहा। माले विधायकों ने मांग उठाया कि तमिलनाडु की घटना में नेता प्रतिपक्ष ने अफवाह फैलाने की कोशिश की। फर्जी वीडियो के आधार पर दो राज्यों के बीच नफरत फैलाने की कोशिश की गई। ऐसे में विजय सिन्हा माफी मांगें। इस पर नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि किसी भी समय वे चर्चा को तैयार हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि मीडिया के सामने तमिलनाडु प्रकरण पर बहस करें। तमिलनाडु प्रकरण में जांच रिपोर्ट सदन पटल पर रखी जाए, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर रही। इधर, भाकपा माले विधायक अपनी जिद पर अड़े रहे। सत्ता पक्ष के विधायकों ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सदन को गुमराह किया है।

## शिकंजे में भ्रष्टाचारी... हाजीपुर में 30 हजार रु. घूस लेते बिजली विभाग का क्लर्क गिरफ्तार

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

निगरानी विभाग की टीम ने गुरुवार को हाजीपुर में एक चाय दुकान से बिजली विभाग के एक क्लर्क को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बिजली विभाग का क्लर्क जय कुमार हाजीपुर के रेलवे कॉलोनी के पास चाय की दुकान पर 30 हजार रुपये घूस ले रहा था। इसी दौरान निगरानी की टीम पहुंची और रंगे हाथ पकड़ लिया। क्लर्क जय कुमार पर रिश्वत लेने की शिकायत कई महीनों से मिल रही थी। इसी शिकायत पर निगरानी की टीम ने मामले को संज्ञान में लिया। जांच के बाद मामला सत्य पाए जाने के बाद निगरानी की टीम छापेमारी दल के साथ हाजीपुर पहुंची और रिश्वत लेते उसे निगरानी की टीम ने धर दबोचा। जानकारी के अनुसार कॉमर्शियल कनेक्शन देने के मामले में रिश्वत मांगने की बात सामने आई थी। वह हाजीपुर के बिजली ऑफिस में क्लर्क है।

### सीतामढ़ी में रिश्वत लेते डीपीओ गिरफ्तार

सीतामढ़ी में गुरुवार को निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मिली जानकारी के मुताबिक विजिलेंस की टीम ने रिश्वत लेते डीपीओ मध्यान भोजन को रंगे हाथ उनके सरकारी कार्यालय से गिरफ्तार किया है। अपने अपने कार्यालय में डीपीओ किसी व्यक्ति से 50 हजार रुपए रिश्वत ले रहे थे। इसी बीच निगरानी की टीम ने उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार डीपीओ की पहचान संजय कुमार देव कन्हैया के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मध्यान भोजन में बतौर सप्लायर का काम कर रहे कर्मी को जांच में क्लीन चिट देने को लेकर बतौर 50000 की मांग की गई थी। बता दें की जिले में 3 साल के भीतर लगभग 7 से ज्यादा पदाधिकारी और पुलिसकर्मी निगरानी की टीम का शिकार हुए हैं। एक सिविल सर्जन, एक दारोगा, एक एडीएम, ड्रग इंस्पेक्टर समेत कई सरकारी कर्मी निगरानी के द्वारा गिरफ्तार किए जा चुके हैं।




**संपूर्णानंद यूनिवर्सिटी में सभी भाषाओं में रामायण व रामचरितमानस की चौपाइयां पर होगा शोध**

# वाराणसी में होगी रामायण पर शोध पीठ की स्थापना

**एजेंसी/वाराणसी**

वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी में रामायण पर शोध पीठ की स्थापना की जा रही है जिसमें सभी भाषाओं में रामायण और रामचरितमानस की चौपाइयां पर शोध किया जाएगा। इसके साथ ही रामचरितमानस मानस की जिस चौपाई पर विवाद हो रहा है उस पर भी शोध किया जाएगा। जिसमें देशभर के विद्वत शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी द्वारा सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पिछले दिनों पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जब बनारस के दौरे पर आए थे तो तब संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी के कुलपति ने उनके सामने रामायण सर्किट की बातें रखी थी जिस पर मंत्री ने उन्हें हरी झंडी दे दी है। अब यूपी में पहली रामायण शोध पीठ की स्थापना वाराणसी के संपूर्णानंद यूनिवर्सिटी में होगी।



कुलपति हरे राम त्रिपाठी का कहना है कि अयोध्या में बन रहा राम मंदिर, साल 2024 में बनकर तैयार हो जाएगा, तो वहां पर भी रामायण शोध पीठ की स्थापना हो रही है. उसी के तहत उन्होंने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह बात की है, जिसके तहत संपूर्णानंद संस्कृत विवि ऐतिहासिक विश्वविद्यालय जिसका 232 वर्ष का इतिहास है, वहां रामायण शोध पीठ की स्थापना होगी। केंद्र सरकार द्वारा 2020 के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय भाषाओं का संवर्धन किया जा रहा है। जिसमें भारत में जितनी भी भाषाएं हैं जिसमें भारतीय भाषाओं में रामचरितमानस और रामायण उपलब्ध है। उसमें एक नया शोध कराया जाएगा।

### रामायण शोध पीठ को लेकर छात्रों में उत्साह

रामायण शोध पीठ की स्थापना को लेकर छात्रों की तरफ से भी उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्रों की मानें तो रामायण शोध पीठ की स्थापना होने के बाद उनको रामायण के बारे में जानकारी हासिल होगी और वह शोध के माध्यम से रामायण की हकीकत को जानने समझने का प्रयास करेंगे। इसके साथ ही शोधार्थियों को यूनिवर्सिटी द्वारा सर्टिफिकेट भी दिया गया है जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी साबित होगा। संपूर्णानंद संस्कृत यूनिवर्सिटी के छात्र रितेश पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2020 के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारतीय भाषाओं का संवर्धन किया जा रहा है। जिसमें भारत में जितनी भी भाषाएं हैं उन सभी भाषाओं मे सम्मिलित रामचरितमानस और रामायण उपलब्ध है और इन पर शोध करना महत्वपूर्ण है।

## खबरें फटाफट

### एसपी का निर्देश वांछितों को पकड़ें पेंडिंग केस निपटाएं

**आरा।** भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने गुरुवार को जगदीशपुर थाने में इंस्पेक्शन किया। उस दौरान उन्होंने क्राइम कंट्रोल से अपराधियों और वांछितों की गिरफ्तारी तक पर चर्चा की गयी। एसपी ने थानाध्यक्ष को लंबित कांडों का समय पर निष्पादन करने का खास टास्क दिया। साथ ही साक्ष्य और तकनीकी पर आधारित अनुसंधान पर जोर दिया, ताकि अपराधियों को मुक्कमल सजा मिल सके। क्षेत्र में रात्रि गश्ती तेज करने, वारंटी को गिरफ्तारी और कुकी-जब्ती सहित कई अन्य बिंदुओं को लेकर भी निर्देश दिया। अवैध शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाने के साथ नियमित वाहन चेकिंग को लेकर भी थानाध्यक्षों को टास्क दिया गया।

### छापेमारी की भनक लगते तस्कर ने नाली में बहा दी शराब

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने गुरुवार को शाहपुर इलाके से हथियार के साथ शराब का लोकल स्तर पर धंधा करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। वह शाहपुर थाना क्षेत्र के रानीसागर निवासी महेश चौधरी का पुत्र पूजन चौधरी है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही उसने घर में रखी शराब नाली में बहा दी। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा गुरुवार को जगदीशपुर थाने में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम सूचना मिली कि पूजन चौधरी द्वारा घर में देसी शराब का धंधा किया जा रहा है। उसने अपने घर में अवैध हथियार भी रखा है। उस आधार पर धंधेबाज की गिरफ्तारी को एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा घेराबंदी कर उसके घर की तलाशी ली गयी, तो एक देसी कट्टा, एक गोली और एक खोखा बरामद किया गया।

# पानी की किल्लत होगी दूर... जल्द दुरुस्त होंगे खराब पड़े सरकारी चापकल

- जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर 14 मरम्मती दलों को किया रवाना
- लोगों के लिए जारी किए गए सरकारी इंजीनियरों और जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**




जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से सरकारी चापाकलों की मरम्मति के लिए सभी प्रखंडों एवं नगर परिषद एवं नगर पंचायत के लिए कुल 14 मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तथा गर्मी के मौसम में विशेष कर भूजल स्तर के गिरने के दृष्टिगत बसावटों में पेयजल समस्या न हो इस के लिए चलंत मरम्मति रथों को रवाना किया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी के नेतृत्व में आमजनों की सुविधा के लिए संबंधित जूनियर इंजीनियर के दूरभाष नंबर भी जारी किये गए हैं, ताकि जन प्रतिनिधि एवं आमजन उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### पेयजल की समस्या हो तो तुरंत करें शिकायत

जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या - 06114-225925/ 9430099051 है जो 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष प्रमंडलीय कार्यालय में स्थापित किया गया है। पेयजल की समस्या से संबंधित शिकायतों तथा उसके निराकरण हेतु जहानाबाद सदर प्रखंड तथा नगर परिषद के लिए नन्दन पासवान, कनीय अभियंता मोबाईल नंबर 8544429059 पर, काको प्रखंड में एवं कैलाशपति राम कनीय अभियंता मोबाईल नंबर 9142492804 पर तथा रेखा कुमारी सहायक अभियंता को जहानाबाद सदर प्रखंड, नगर परिषद एवं काको के लिए मोबाईल नंबर 8544428655



दोनों प्रखंड एवं नगर परिषद, जहानाबाद के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। जबकि मोदनगंज, घोषी और घोषी प्रखंड के लिए कृतिकान्त मंडल, कनीय अभियंता मोबाईल नंबर 8544428656 पर एवं आकांक्षा कुमारी, सहायक अभियंता से मोदनगंज, घोषी एवं हुलासगंज प्रखंड के लिए उनके मोबाइल नंबर 9122638804 पर चापाकल की समस्या के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं मखदुमपुर प्रखंड एवं नगर पंचायत और रतनी फरीदपुर प्रखंड के लिए अंजना, कनीय अभियंता मोबाईल नंबर 7979024032 पर और अंजना, कनीय अभियंता से रतनी फरीदपुर प्रखंड के लिए मोबाइल नंबर 7979024032 तथा सुश्री हरजीत कौर बच्चू, सहायक अभियंता के मोबाईल नंबर 8602318079 पर मखदुमपुर प्रखंड एवं नगर पंचायत और रतनी फरीदपुर प्रखंड के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि आमजनों द्वारा उपलब्ध शिकायतों को त्वरित रूप से निष्पादित करें।

### पीरो-कोआथ रोड पर अगिआंव बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुई घटना

# शादी समारोह से लौट रही शिक्षिका को वाहन ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

- इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में शिक्षिका ने तोड़ा दम
- मृत शिक्षिका रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के कुसही गांव निवासी भोला राम की पत्नी सीता सुंदरी कुमारी थी

**केटी न्यूज/आरा**



जिला में पीरो-कोआथ रोड पर अगिआंव बाजार स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक शिक्षिका की मौत हो गयी। इलाज के दौरान गुरुवार को पटना के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत शिक्षिका रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के कुसही गांव निवासी भोला राम की 38 वर्षीया पत्नी सीता सुंदरी कुमारी थी। वह चरपोखरी प्रखंड के केनोडीहरी गांव स्थित प्राइमरी स्कूल में पोस्टेड थी और फिलहाल पीरो बाजार में किराये के मकान में रहती थी।



भोला राम ने बताया कि मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ एक शादी समारोह में भाग लेने अपने गांव कुसुही गये थे। बुधवार की दोपहर दोनों बाइक से पीरो लौट रहे थे। उसी दौरान अगिआंव बाजार गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उसके कारण बाइक पर पीछे बैठी उनकी पत्नी सीता सुंदरी कुमारी असंतुलित होकर गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए पहले पीरो और आरा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को पटना के निजी अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। उसके बाद शव आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, हादसे के बाद शिक्षिका के घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि शिक्षिका को पुत्री खुशी, खुशबू और एक पुत्र प्रिंस है। उनकी मौत के बाद बेटे और बेटियों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## दुःखद... बेटे के पास पंजाब जा रही महिला की ट्रेन से गिरने से मौत

- खड़ी पैसेंजर ट्रेन में वाशरूम इस्तेमाल करने गयी थी महिला, तभी खुल गयी गाड़ी
- हड़बड़ी में उतरने के चक्कर में ट्रेन से गिरी महिला और चली गयी जान

**केटी न्यूज/आरा**

आरा रेलवे स्टेशन के तीन नंबर प्लेटफार्म पर गुरुवार की सुबह ट्रेन से गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत महिला बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा गांव निवासी रामकिशोर सिंह की 69 वर्षीया पत्नी देवांती देवी थी।



राम किशोर सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ आंख का इलाज कराने अपने बेटे के पास पंजाब के अंबाला जा रहे थे। उसे लेकर दोनों तीन नंबर प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उस समय प्लेटफार्म पर एक पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। उनकी पत्नी बाथरूम करने पैसेंजर ट्रेन के टायलेट में चली गयी। उसी समय ट्रेन खुल गयी। उसे देख हड़बड़ा कर ट्रेन से उतरने लगी। उस कारण वह असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे चली गई। उससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके बाद जीआरपी की मदद से उसे आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि महिला को दो पुत्र ओमजी सिंह और बिट्टू सिंह है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराएं ओआरएस : डीएम




**केटी न्यूज/आरा**

जिले में गर्मी के मौसम मे भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के मद्देनजर भोजपुर जिलाधिकारी ने आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला स्तरीय सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक जगहों पर स्थानीय पियाऊं की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खराब चापाकलों को युद्ध स्तर पर मरम्मत करने का निर्देश नगर आयुक्त आरा नगर निगम को दिया गया।

स्वास्थ केंद्र, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल आदि में लू से प्रभावितो के इलाज हेतु ओआरएस पैकेट, आईभी फ्लड एवं जीवन रक्षक दवा इत्यादि की विशेष व्यवस्था करने का निर्देश सिविल सर्जन भोजपुर को दिया गया। जिन स्थानों पर नल -जल नहीं पहुंचा हो एवं चापाकल में पानी की कमी हो गई हो वहां आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पेयजल संकट से निपटने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार टैंकरों के माध्यम से पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भोजपुर को दिया गया।

स्कूली बच्चों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए आवश्यक है की विद्यालय या तो सुबह की पाली में ही संचालित हो अथवा गर्मी की छुट्टियां निर्धारित समय से पूर्व घोषित कर दी जाए। गर्मी की स्थिति को देखते हुए स्कूलों में अल्प अवधि के लिए बंद करने तथा अभिभावकों से यह सुनिश्चित करने हेतु सभी स्कूल प्रबंधक को निर्देशित करने का निर्देश दिया गया। सभी बच्चे स्कूल आने के पूर्व कुछ ना कुछ खाकर ही स्कूल आवे क्योंकि खाली पेट आने की स्थिति में लू लगने की संभावना रहती है। स्कूलों में ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाए एवं वहां पर गर्म हवाओं एवं लू से बचाव से संबंधित आईईसी सामग्री प्रदर्शित कर जनता को जागरूक किया जाए।

## अल्बेंडाजोल गोली खाने से पांच स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**केटी न्यूज/आरा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चौमुखा का गांव में गुरुवार दोपहर अल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से गांव में स्थित मध्य विद्यालय के पांच बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी। सभी बच्चों को चुनचुनाहट की शिकायत थी। बच्चों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इन बच्चों में चौमुखा गांव निवासी वकील सिंह का 10 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार, विनय सिंह का 11 वर्षीय पुत्र हर्ष राज सिंह, संतोष कुमार सिंह का 12 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह का 8 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार सिंह और मुन्ना सिंह की 10 वर्षीय पुत्री रोशनी सिंह शामिल हैं।

दूसरी ओर मामले में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पूरे जिले में 19 साल तक के बच्चों को दवा खिलाई गई है। जिनमें इन्हीं पांचों बच्चों की तबियत बिगड़ी। जांच के क्रम में पाया गया कि सभी के शरीर पर दाने निकल आए थे। जो दवा के रिएक्शन के कारण हुए थे। उसके बाद पांचों इलाजरत बच्चों को एंटी एलर्जिक दवा दी गई। जिसके बाद हालात काबू में हैं। साथ ही, उन बच्चों को जो दवा खिलाई गई उसका बैच नंबर लिया गया और शेष दवाओं को सीज किया गया है। अब उन दवाओं को जांच के लिए भेजा जाएगा। ताकि, दवा की गुणवत्ता जांची जा सके।

## प्रसव के बाद महिला की बिगड़ी हालत, परिजनों ने किया हंगामा

- परिजनों ने लगाया डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप
- गंभीर हालत में प्रसूता सदर अस्पताल से पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में बुधवार की रात ऑपरेशन और प्रसव के बाद एक महिला की तबीयत बिगड़ गयी। गंभीर हालत में उसे पटना रेफर कर दिया गया है। उसके बाद महिला के परिजन भड़क उठे और अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। परिजनों की ओर से डाक्टरों पर ऑपरेशन और इलाज करने में लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा था। परिजनों का कहना था कि ऑपरेशन के बाद उसे देखने के लिए डॉक्टर नहीं आ रहे थे। कर्मचारियों द्वारा भी सही जानकारी नहीं दी जा रही थी। इधर, हंगामे के कारण सदर अस्पताल की लेबर वार्ड में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। बाद में मौजूद सुरक्षाकर्मियों द्वारा परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। प्रसूता जगदीशपुर थाना क्षेत्र के विमवां गांव की रहने वाली गुड़िया देवी है।

### तबीयत बिगड़ने पर नहीं मिले डॉक्टर

महिला के परिजनों के अनुसार बुधवार की सुबह गुड़िया देवी को अचानक लेबर पेन होने लगा। उसके बाद प्रसव के लिए उसे सदर अस्पताल की प्रसूति वार्ड लाया गया। वहां डाक्टर द्वारा देख ऑपरेशन की सलाह दी गयी। कुछ देर बाद ऑपरेशन के जरिए प्रसव कराया गया। तब उसे बेटी पैदा हुई। उसके बाद नवजात बेबी को डाक्टर की सलाह पर एसएनसीयू में भर्ती कर करा दिया गया। उधर, ऑपरेशन के कुछ घंटे गुजर जाने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी। उस पर वे लोग डाक्टर के पास गये तो कोई नहीं मिला। बाद में उसे पटना रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### बिहार दिवस से पहले सभी विभाग अपनी अपनी तैयारी पूरी करें : डीएम

**आरा।** बिहार दिवस -2023 का आयोजन 22 मार्च को भव्य एवं आकर्षक तरीके से मनाया जायेगा।इसके लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के स्टॉल, क्विज प्रतियोगिता, स्लोगन, कबड्डी, खो-खो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रभात फेरी, रंगोली, पेयजल एवं मेडिकल टीम के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने स्टॉल ससमय पूर्ण कर लेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संध्या 6:00 बजे से प्रारंभ कर रात्रि 10:00 बजे तक होगा।सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा समूह गायन, एकल गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति किया जाएगा। इसकी तैयारी भी ससमय पूर्ण कर लेने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए श्री सुकेश कुमार द्वारा जिला पदाधिकारी को एक पेंटिंग सप्रेम भेंट किया गया। बैठक में डीडीसी, डीपीआरओ, डीटीओ, डीईओ जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, डीएओ, डीपीओ सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### बैठकों से महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बल मिलेगा : शशि भूषण कुमार

**जहानाबाद।** एसएन सिंहा कॉलेज में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम उद्घाटन सत्र की शुरूआत प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार रजक, पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. उमाशंकर सिंह, मगध प्रक्षेत्र के उपाध्यक्ष राजीव नयन, इकाई संघ के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार एवं सचिव संजय कुमार द्वारा बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं कॉलेज के शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के संस्थापक डॉ. एके सेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कॉलेज में कार्यरत कर्मियों एवं छात्र छात्राओं के विभिन्न समस्याओं के निष्पादन हेतु सुझाव प्राप्त करने के मुख्य एजेंडे पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रधान सहायक शशि भूषण कुमार ने की। प्रथम सत्र के कार्यक्रम में शिक्षकों ने बैठक में आमंत्रित करने के लिए शिक्षकेतर कर्मचारी संघ का आभार जताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को बल मिलेगा, साथ ही विभिन्न समस्याओं का निष्पादन संभव हो सकेगा। कॉलेज के पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. उमाशंकर सिंह ने कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों का यह अद्भुत संगम है। महाविद्यालय के विकास में सभी छात्र संघों की तत्परता भी उल्लेखनीय है। एक दूसरे के सहयोग के बगैर महाविद्यालय में सुखद शैक्षणिक वातावरण का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य को सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं से समय-समय पर सुझाव प्राप्त करते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

### स्वास्थ्य मेला के दौरान हुई टीबी रोगियों की जांच एवं काउंसिलिंग, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग कर रहे हैं सीएचओ

# जागरुकता को हथियार बनाकर करें टीबी पर वार: डॉ. कुमारी गायत्री सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। ताकि सामुदायिक स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर महिलाओं, युवाओं व बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही एवं मुफ्त दवाएं भी दी गयीं। इस दौरान सीएचओ के साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा टीबी रोगियों की जांच, उपचार के साथ उनकी काउंसिलिंग भी की गयी।

**समय पर जांच, दवा सेवन के साथ जागरूकता जरूरी :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। किन्तु, इस बीमारी से स्थाई निजात के लिए समय पर जाँच और इलाज के साथ ही लोगों को जागरूक किया जाना जरूरी है। टीबी के लक्षणों की ससमय पहचान कर अविलंब जांच कराया जाना चाहिये उन्होंने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि लक्षण दिखते ही तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य संस्थानों में जाँच कराएं और जांच के पश्चात चिकित्सा परामर्श के पालन के साथ इलाज कराकर बीमारी से स्थाई निजात पाएं।

**हवा से फैलता है टीबी का रोगाणु :** जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया, टीबी के रोगाणु वायु द्वारा फैलते हैं। जब फेफड़े का यक्ष्मा रोगी खांसता या छींकता है तो लाखों-करोड़ों की संख्या में टीबी के रोगाणु थूक के छोटे कणों (ड्राप्लेट्स) के रूप में वातावरण में फेंकता है। बलगम के छोटे-छोटे कण जब सांस के साथ स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता और वह व्यक्ति टीबी रोग से ग्रसित हो जाता है। चिकित्सा कर्मी की देखरेख में रोगी को अल्पावधि वाली क्षय निरोधक औषधियों के सेवन कराने वाली विधि को डॉट्स (डायरेक्टली ऑब्जर्वड ट्रिटमेंट शॉर्ट कोर्स) कहते हैं। इसके तहत किया गया इलाज काफी प्रभावी हो जाता है। पूरा कोर्स कर लेने पर यक्ष्मा बीमारी से मरीजों को मुक्ति भी मिल जाती है।

जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी रोगियों की सुविधा के लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ने सहयोग किया। डॉ सिंह ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के साथ लोगों को टीबी को लेकर मनोवैज्ञानिक, सहयोग भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) पर बड़ी जिम्मेवारी है कि वह केंद्र पर आ रहे लोगों को बेहतर ढंग से टीबी की जांच और इलाज के साथ-साथ इससे बचने के लिए टीबी के लक्षण और सावधानियों के बारे में अच्छी तरह से जागरूक करें।

## खबरें फटाफट

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को थाना क्षेत्र के पीडियां गांव से गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान पीडियां गांव निवासी कमला यादव के पुत्र ददन यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पकड़े गये आरोपी शराब मामले में फरार चल रहा था।

### बिजली चोरी में चार पर एफआईआर

**नावानगर।** बिजली कंपनी की टीम बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चला रही हैं। इसके तहत एसडीओ राकेश कुमार दुबे के नेतृत्व में जेई बिपिन किशोर, मानव बल अभिषेक राज व संतोष कुमार गुप्ता द्वारा सोनवर्षा बाजार में छापेमारी किया। छापेमारी में चार लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए। बिजली चोरी में पकड़े गए सत्येंद्र साह पर 15302 रुपए ,राकेश रंजन प्रसाद पर 42980 रुपए, अली अंसारी पर 24575 रुपए, तथा बिनोद चौधरी पर 29358 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### बुढ़ैला हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बुढ़ैला गांव हत्याकांड के आठ माह बाद भी तीन आरोपित पुलिस पकड़ से दूर है। बीते वर्ष जुलाई माह में रामगोविन्द राय की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में शामिल पांच लोगों को नामजद कर एफआईआर दर्ज कराया गया था। जिसमें दो को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। अनुसंधान के तहत तीन लोगों का नाम पुलिस ने निकाल दिया था। पर कोर्ट द्वारा उन तीनों को पुनः अभियुक्त घोषित करते हुए विगत जनवरी माह में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया गया है। पर अभी तक तीनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई।

# कोपवां में जलभरी के साथ 108 कुंडीय राम रसायन महायज्ञ शुरू, शामिल हुए सैकड़ो श्रद्धालु

**केटी न्यूज/डुमरांव/राजपुर**

कोपवां स्थित सद्गुरु धाम आश्रम में 108 कुंडीय राम रसायन महायज्ञ आयोजित किया गया है। बुधवार को इस महायज्ञ के लिए जलभरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु पुरूष व महिला शामिल हुए। स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के नेतृत्व में निकली यह शोभा यात्रा डुमरांव होते हुए कोपवां धाम के काली मंदिर पसिर पहुंचा। वहां से 108 कुण्डीय राम रसायन महायज्ञ हेतु जलभरी कार्यक्रम गाजे-बाजे के साथ आयोजित हुआ। पुनः शोभायात्रा कोपवां काली मंदिर से होते हुए सद्गुरु मठ कोपवां धाम पहुंचा और यज्ञ की शुरूआत छतीसगढ़ से पधारें आचार्य संतोष शर्मा के द्वारा की गई। इस दौरान गुरुदेव के आशीर्वचन का लाभ सभी श्रोतागण ने प्राप्त किया। गुरुदेव के प्रवचन में श्रीराम के ऊपर कार्यक्रम ह्लमेरे रामह्ल को सभी लोगों ने बहुत सराहा। इस महायज्ञ में हर दिन शाम में विशाल भंडारे का आयोजन भी हो रहा है। जलभरी के बाद पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी कृष्णानंद जी महाराज के प्रवचन व आशीर्वाद पाने के लिए सभी लोग बहुत आतुर थे। श्रद्धालुओं ने अपना-अपना यज्ञ कुंड पूर्व में सभी परिवार सुनिश्चित कर लिया था।





आयोजक मंडल ने बताया कि दैहिक, दैविक, भौतिक संतापों से निवारण एवं आत्म उन्नति के लिए दिव्य गुप्त विज्ञान की कथाएं चलेगी। यहां स्मरण शक्ति बढ़ाने में सफलता प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों के लिए विद्यालय की कक्षाएं चलेगी। महायज्ञ 19 मार्च को आर्शीवचन व पुणार्हूति के साथ सम्पन्न होगा। राम रसायन महायज्ञ के दौरान राम व कृष्णा कथा का आयोजन किया जा रहा है। जलभरी यात्रा से पूर्व श्रद्धालुओं ने स्वामीष्णानंद जी महाराज का भव्य स्वागत किया। मौके पर आचार्य कुणाल स्वामी, आचार्य संतोष शर्मा, आचार्य आनंद, महात्मा विनोद, आचार्य विशाल स्वामी, रमेश, प्रिंस सिंह एवं सदविप्र समाज एवं सदगुरू कबीर सेना के सदस्य तथा सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

**राजपुर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभः** राजपुर प्रखंड के खीरी स्थित शिव मंदिर परिसर में गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आरंभ किया गया है। इस महायज्ञ के पहले दिन यज्ञ मंडप परिसर से गांव भ्रमण कर मां काली स्थान पर हवन पूजन किया गया। यहां से गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। यह खीरी धर्मावती नदी पहुंचकर वैदिक एवं गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ धर्मावती नदी से जल लेकर यह कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंचा। इसमें हरिद्वार शांतिकुंज से पहुंचे वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा ने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति सभी लोगों के मन को स्वस्थ एवं निरोग रख सकता है।

### डुमरांव एएसपी राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न बैंकों का किया निरीक्षण

# उचक्कई की घटना के बाद बैंकों की सुरक्षा में सख्त हुई पुलिस, पूरे दिन चलाया अभियान

- प्रबंधकों के साथ-साथ ग्राहकों से सतर्कता बरतने का दिया निर्देश
- पुलिस टीम ने बैंक शाखाओं में बेवजह घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और उन्हें डांट-फटकार भी लगायी
- बैंक के भीतर बगैर काम के आने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया तथा ऐसे लोगों को चिन्हित कर तत्काल पुलिस के हवाले करने को कहा



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार को डुमरांव के बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से एक उपभोक्ता से उचक्कों ने 36 हजार रूपए ऐंठ लिए थे। इस घटना के बाद पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाई है। गुरुवार को एएसपी राज ने पुलिस बलों के साथ विभिन्न बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था परखी और बैंक अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं को भी अपने पैसे के प्रति सजग रहने तथा चोर उचक्कों पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखते ही तत्काल पुलिस को खबर करने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस टीम बैंक शाखाओं में बेवजह घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और उन्हें डांट-फटकार भी लगायी। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम कई बैंक शाखाओं का निरीक्षण कर सुरक्षा का जायजा लिया। जायजा लेने के दौरान एएसपी शाखा प्रबंधकों और सुरक्षा गार्डों से बिंदुवार जानकारी लेते हुए बैंक के भीतर बगैर काम के आने वालों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया तथा ऐसे लोगों को चिन्हित कर तत्काल पुलिस के हवाले करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि कोई ग्राहक बैंक शाखा से बड़ी राशि निकासी करता है तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दे ताकि वह सुरक्षित अपने घर तक पहुंच सके। एएसपी ने बैंकों के सीसीटीवी कैमरे, सायरन और सुरक्षात्मक उपायों की जानकारी ली तथा कई जगहों पर मिली खामियों को तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बता दें कि बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा परिसर से एक उपभोक्ता को झांसे में ले उचक्कें 36 हजार रूपए ले भागे। जबकि पिछले दिनों राजगढ़ परिसर स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से 45 हजार रुपये निकाल कर अपने बेटे के साथ घर लौट रही चतुरशालगंज के शांति देवी नामक महिला का रूपयों से भरा पर्स उचक्कें झपट्टा मारकर भागने लगें थे। लेकिन महिला की शोरगुल सुन राहगीरों की मदद से झपट्टा मार गिरोह का एक सदस्य पकड़ा गया था। इस मामले में राहगीरों के सहयोग से पुलिस ने मोतिहारी जिले के भगवतीपुर गांव निवासी रमेश साह को गिरफ्तार किया था। लेकिन इस मामले में फरार अन्य सदस्य अभी तक पुलिस के हत्थे नही चढ़े है।

इसके अलावे में शहर के विभिन्न बैंकों से उपभोक्ताओं के साथ छिनतई व उचक्कई की घटनाएं होते रहती है। लेकिन इस बार पुलिस काफी सख्त हो गई है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गुरूवार को खुद एएसपी राज डुमरांव के एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ इंडिया, डीबीजीबी समेत अन्य बैंकों का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की टीम सख्त है। बैंक शाखाओं में या बैंकों के आसपास उचक्कों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। हर हाल में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तत्पर रहेगी। उन्होंने शहरवासियों को संदिग्ध व्यक्ति नजर आने पर पुलिस को सहयोग देने की अपील की है। हालांकि घटना के दूसरे भी बैंक ऑफ इंडिया से रूपए लेकर भागने वाले उचक्कों का पता नहीं चल सका है।

## एक नजर

### कोरानसराय में बाइक अनियंत्रित होने से गंभीर रूप से जख्मी हुआ चालक

**डुमरांव।** बुधवार की देर शाम एनएच 120 पर कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय राइस मिल के पास तेज रफ्तार एक बाइक अचानक अनियंत्रित हो बीच सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में बाइक चालक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि पीछे बैठे युवक को आंशिक चोटें आई। दुर्घटना इतनी जबर्दस्त थी कि चालक बाइक के साथ करीब 10 मीटर तक घिसटा गया था। संयोग अच्छा था कि इस दौरान कोई वाहन उधर से नहीं गुजर रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम ने उसे इलाज के लिए तत्काल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके परिजनों को भी सूचना दी। अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बसुधर गांव निवासी स्व मधुसूदन साह के 35 वर्षीय पुत्र गोरख साह के रूप में हुई है। जबकि बाइक से भागने वाले उसके दूसरे साथी की पहचान नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार वह डुमरांव से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान कोरानसराय राइस मिल के पास दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस ने उसकी बाइक सुरक्षित थाने में जब्त कर ली है। हालांकि संवाद संप्रेषण तक दुर्घटनाग्रस्त युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### शराब के साथ धंधेबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने नगर के शिवपुरी कॉलोनी स्थित इंटर कॉलेज की गली में गुरुवार को छापेमारी कर शराब के साथ एक धंधेबाज को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी शिवपुरी कॉलोनी निवासी संजय कुमार यादव के पुत्र पप्पू कुमार यादव बताया जाता है। पुलिस ने जब इसकी तलाशी ली तो झोले में छिपाकर रखे गये 200 एमएल के 38 पीस शराब बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पकड़ा गया आरोपी शराब की खेप को झोले में छिपाकर ठिकाने लगाने जा रहा है। इसी सूचना पर एक टीम गठित कर इंटर कॉलेज गली की घेराबंदी कर निगरानी बढा दी गई थी। जैसे ही आरोपी झोले में शराब लेकर आता दिखाई दिया, पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से कड़ी पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है।

### ओझाबरांव हत्याकांड के मुख्य आरोपी का सरेंडर

**डुमरांव।** होली की शाम मुरार थाना क्षेत्र के ओझाबरांव गांव में हुए ठाकुर यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी तथा शूटर विकास यादव पिता मुन्ना यादव ने पुलिस के भारी दबाव के कारण बक्सर कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वह इस हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। जिसके दबाव में आकर उसने आत्मसपर्ण किया है। बता दें कि इसके पहले पुलिस ने उसके भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि मृतक के भाई तथा इस घटना में गोली लगने से जख्मी राहुल के पिता बाउल यादव ने कुल नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। अभी भी सात आरोपी फरार चल रहे है।

### जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में खिलाई गई अल्बेंडाजोल की दवा, सीएस ने किया उद्घाटन

**बक्सर।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत गुरूवार को अलबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। इसकी शुरूआत सिविल सर्जन डॉ सुरेश चंद्र सिंहा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरके सिंह के हाथों दवा खिलाकर किया गया। इसके बाद जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रो पर पढ़ने वाले तथा स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों को, सरकारी एवं निजी विद्यालयों, मदरसों, तकनीकी संस्थाओं, एवं केंद्रीय तथा नवोदय विद्यालयों में पढ़ने वाले 1 वर्ष से 19 वर्ष तक आयु वर्ग के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। किन्ही कारणों से गुरूवार को दवा खाने से वंचित छात्रों को 20 मार्च को मॉप-अप दिवस के दिन दवा खिलाई जाएगी। सीएस ने इस मौके पर सभी लोगों को बच्चों की स्वास्थ्य को देखते हुए अल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का अपील किया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजकिशोर ने बताया कि जिले में 9 लाख 8 हजार 117 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर सदर पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु सिंह, नागेश पांडे, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रिंस कुमार, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के जिला समन्वयक मोहसीन खान उपस्थित आदि मौजूद थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण, योजनाओं के क्रियान्वयन में मिलेगी मदद

**राजपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभाकक्ष में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस संबंध में प्रशिक्षक ओमप्रकाश सिंह व दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2022 -23 के लिए जीपीडीपी एवं बीपीडीपी जो तैयार किया गया है, उसके क्रियान्वयन के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पंचायतों को विकसित पंचायत बनाने के लिए सरकार के तरफ से आगामी एक अप्रैल से स्ट्रीट लाइट योजना के तहत सभी गलियों में लाइट लगाया जाएगा। विभागीय कार्य एजेंसी के तरफ से इसका सर्वेक्षण कर लिया गया है। पहली बार में एक से चार वार्डों में यह योजना धरातल पर लाई जाएगी। जिसमें एक वार्ड में दस लाइट लगाई जाएगी। समावेशी विकास योजना के तहत पंचायतों को और भी बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए इस योजना के तहत पूरी दुनिया में इस पर काम किया जा रहा है। देशभर में नौ बिंदुओं पर सरकार देश को अग्रणी श्रेणी में लाने की योजना बनाई है। बिहार में तीन बिंदुओं पर सरकार विकास के रास्ते पर ले जा रही है। गरीबी मुक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत एवं सुरक्षित पंचायत इन तीन बिंदुओं पर काम करते हुए पंचायतों को पूरी तरह से सशक्त बनाना है।

# साइबर अपराधियों ने शिक्षक के खाते से उड़ाए 99 हजार रुपए

**केटी न्यूज/नावानगर**

इन दिनों साइबर अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। नए नए तरीकों से साइबर अपराधी द्वारा हर दिन उपभोक्ताओं का मोटा रकम उड़ाया जा रहा है। पुलिस लाख प्रयास के बाद भी न तो ऐसे मामलों पर लगाम लगा पा रही है और नही साइबर अपराधियों को ही पकड़ पा रही है। ताजा मामला नावानगर प्रखंड के भटौली गांव निवासी व पेशे से शिक्षक मुमताज अली का है। साइबर अपराधियों ने उनके खाते से दो किस्तों में 99 हजार रूपए उड़ा लिये है। हालांकि उपभोक्ता के नंबर पर पैसा कटने का कोई मैसेज भी नहीं आया था। इसको लेकर पीड़ित द्वारा अज्ञात साइबर अपराधियों पर नावानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है। अपने आवेदन में पीड़ित ने लिखा है कि मेरा अकाउंट एसबीआई बिक्रमगंज ब्रांच में है। 14 मार्च को मिली जब बैलेंस चेक किया गया तो खाते से 99 हजार रूपए गायब होने की जानकारी मिली। हालांकि पैसा निकलने का कोई मैसेज मोबाइल पर नहीं आया था। पीड़ित शिक्षक मुमताज अली ने बताया कि एक मैसेज आया जिसमें बिजली बिल भुगतान नहीं करने पर कनेक्शन काटे जाने के बाद कहा गया, और एक नंबर आया था। जैसे ही उस नंबर पर बात किया गया और उन लोगों द्वारा कुछ करने के लिए कहा गया। जिसके बाद दो ट्रांजक्शन के माध्यम से 99 हजार खाते से गायब हो गया।

# डुमरांव आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

- नये जिलाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा
- सभी कार्यकताओं का साथ लिया जाएगा, केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता होगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**





गुरूवार को भाजपा के नए जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह डुमरांव पहुंचे। जिलाध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला डुमरांव का प्रवास था। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। साफाखाना रोड स्थित एक निजी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।

इस दौरान कार्यकताओं की एक बैठक निवर्तमान नगर अध्यक्ष निहार रंजन के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसका संचालन पूर्व जिला उपाध्यक्ष बलराम पांडेय ने किया। बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर चर्चा हुई। वही नये जिलाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है उसका निर्वहन ईमानदारी से करूंगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं का साथ लिया जाएगा तथा पार्टी नीतियों व केन्द्र प्रायोजित योजनाओं को घर-घर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। बैठक में वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह, राजवंश सिंह, कतवारू सिंह, ओम प्रकाश भुवन, राजाराम पाण्डेय, भगवानजी राय, अशोक तिवारी, अनील पाण्डे, शीला त्रिवेदी, अमर सिंह के अलावा सभी मण्डल अध्यक्ष, राकेश गौतम, चंद्रकांत तिवारी, सतीश राय, रवि शंकर सिंह, मनोज सिंह, प्रमोद मिश्र, वीना देवी, प्रमिला पाण्डे, सीमा मिश्र, दीवाली विस्वास, नंदलाल पंडित, राजू केशरी सहित डुमरांव विस क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से 13 से 25 मार्च तक परिवार कल्याण पखवाड़ा का आयोजन, जागरूकता के लिए सारथी रथ रवाना

# अधिकाधिक पुरुष नसबंदी के लिए सभी प्रखंडों में निर्धारित हो लक्ष्य : सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

जनसंख्या स्थिरीकरण के उद्देश्य से 13 से 25 मार्च तक परिवार कल्याण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको सफल बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान में परिवार कल्याण मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने किया।

मेला में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण क्षेत्रों से योग्य दंपति शामिल हुए। जिन्हें मेला स्थल पर प्रदर्शित की गई विभिन्न परिवार कल्याण सामग्रियों को दिखाकर परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों से अवगत कराया गया। वहीं, पखवाड़ा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से सिविल सर्जन डॉ. सिन्हा ने निर्देश दिया कि एक्सपेक्टेड लेवल ऑफ अचीवमेंट के अनुसार पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया जाए तथा अधिक से अधिक पुरुष नसबंदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी, सुखी परिवार हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र पर लड़की की शादी, दो बच्चों के बीच 3 साल का अंतर इत्यादि विषयों पर जन जागरण हेतु सारथी रथ को किला मैदान स्थित परिवार कल्याण मेला परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ गांव-गांव में जाकर जन जागरण का कार्य करेगा।



**इच्छुक लाभार्थियों को हाथों-हाथ की जाएगी सुविधा प्रदान :** सिविल सर्जन ने बताया, परिवार कल्याण पखवाड़ा के अवसर पर जन जागरण को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सारथी रथ के ऊपर आशा कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। ताकि योग्य दंपतियों खासकर पुरुषों को परिवार नियोजन के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। साथ ही, जो लाभार्थी परिवार नियोजन की अस्थाई विधियों यथा गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम इत्यादि अपनाने के लिए इच्छुक हैं उन्हें हाथों-हाथ सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि 13 से 25 मार्च तक प्रखंड स्तर पर आशा कर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर पुरुष एवं महिला नसबंदी के प्रति जागरूकता, सुखी एवं स्वस्थ जीवन हेतु परिवार नियोजन का महत्व, सही उम्र में शादी, पहला बच्चा शादी के दो वर्ष बाद, एवं दो बच्चों के बीच तीन वर्ष का अंतर इत्यादि विषयों पर जन जागरण का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही आशा कार्यकताओं द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध बास्केट ऑफ चॉइस से योग्य दंपतियों को अवगत कराया जायेगा तथा अस्थाई सेवाएं भी हाथों-हाथ उपलब्ध कराई जाएंगी।

**बास्केट ऑफ चॉइस में है कई अस्थाई साधन :** जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन के बास्केट ऑफ चॉइस में माला-एन दैनिक गर्भनिरोधक गोलियां, इमरजेंसी गर्भनिरोधक गोलियां, छाया साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोलियां, अंतरा तीन महीने के लिए लगाई जाने वाली गर्भनिरोधक सुई, कंडोम, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी इत्यादि अस्थाई साधन तथा महिला एवं पुरुष नसबंदी जैसे परिवार नियोजन की स्थाई विधियां शामिल हैं । 13 से 25 मार्च तक परिवार कल्याण पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। इस दौरान सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इच्छुक लाभार्थियों को अभियान चलाकर उनकी इच्छा अनुसार गर्भनिरोधक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खासकर परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पुरुष नसबंदी करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरके सिंह, सदर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार, पीएमडब्लयू नागेश पांडेय, एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक प्रिंस कुमार उपस्थित थे।



**मनियर बलिया।** कर्नाटक के किष्किंधा से चली हनुमत दिग्विजय रथ यात्रा गुरुवार को मनियर पहुंची। यहां गाजे–बाजे के साथ इसका स्वागत किया गया। शंकराचार्य परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप महाराज के नेतृत्व में निकली यह रथयात्रा भारत भ्रमण के बाद भगवान राम की नगरी अयोध्या पहुंचेगी। स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा, भारत हिंदू राष्ट्र घोषित होगा। विधर्मियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए यह रथ यात्रा निकाली गई है। स्वागत करने वालों में शिवानंद गिरि, श्रीनिवास मिश्रा, कन्हैया सिंह, वशिष्ठ उपाध्याय, अक्षयबर तिवारी, रमेश पांडेय, टुनटुन सिंह आदि थे।

# लोगों के जीवन से खेल रहे मिठाई दुकानदार, प्रशासन व खाद्य विभाग मौन

**केटी न्यूज/बैरिया**

तहसील क्षेत्र के मुख्य रानीगंज, बैरिया बाजार सहित मधुबनी, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न चट्टी चौराहों व बाजारों में मिठाई दुकानदार लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है। दुकानदार खुले में मिठाई रखकर बेचते है। जिस पर मक्खियां और धूल मिट्टी आती रहती है, लेकिन इसके बावजूद यहां प्रशासन और खाद्य महकमे की नजर इस लापरवाही पर नहीं पड़ती है। जबकि ज्यादातर बाजार में इसी तरह दुकानों पर यह मिठाई बेची जा रही है, जो लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि तहसील क्षेत्र के रानीगंज,बैरिया बाजार व सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन बाजार में दर्जनों की संख्या में मिठाई की दुकानें हैं।यहां स्थिति यह है कि किसी भी खाद्य सामग्री पर स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता। कायदे से मिठाई व अन्य खाद्य सामग्री को सुरक्षित ढका हुआ रखा जाना चाहिए। लेकिन यहां दुकानों के बाहर तक आम सामानों की तरह ही इन मिठाइयों को रख दिया जाता है। सबसे खराब स्थिति बैरिया बाजार व सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन बाजार की है,यहां मिठाई दुकानों के बाहर तक खूले में रखकर बेचा जाता है।खासबात यह है कि यह मुख्य बाजारों में है जहां भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र हैं और वाहन चलते हैं। ऐसे में वाहनों से सड़क पर धूल उड़ती है। जो इन मिठाइयों तक भी जाती है। इन्हीं मिठाइयों को ग्राहकों को बेच दिया जाता है, जो कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इससे कई तरह की बीमारियों का खतरा है। ताज्जुब की बात यह है कि यहां से हर दिन प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन इन दुकानों पर कार्रवाई तो दूर स्वच्छता के लिए इन मिठाइयों को ढंक कर रखने की हिदायत तक देने की जहमत उठाते। इसकी वजह से यह लापरवाही निरंतर हो रही है। खाद्य विभाग के नियमानुसार हर खाद्य पदार्थ पर एक्सपायरी डेट होनी चाहिए। यहां तक कि कुछ दिन पहले नियम बनाया गया है कि मिठाइयों के सामने ही इनके निर्माण और एक्सपायरी की डेट लिखी जानी चाहिए। यहां इस नियम का पालन तो दूर की बात है स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मिठाइयों को खुले में रहकर ही बेचा जा रहा है।



## जांच के नाम पर होती है खानापूर्ति

बाजारों में मिठाई की दुकानों पर यह लापरवाही लगातार बरती जा रही है,बावजूद इसके खाद्य विभाग इस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता है।जब कोई विशेष त्योहार आता है तो खाद्य विभाग की टीम जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति कर इतिश्री कर लेती है। जबकि बैरिया तहसील क्षेत्र के मुख्य बाजारों में दुकानदार अपनी मिठाईयों को शोपीस की तरह बाहर तक लगा कर खुले में रख गंभीर लापरवाही बरत रहे है। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन व खाद्य विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

## एसडीएम बोले, कार्रवाई होगी

इस संबंध में एसडीएम आत्रेय मिश्र ने कहा कि खाद्य विभाग से इसकी जांच कराई जाएगी। जो भी मिठाई दुकानदार इस तरह का कार्य कर रहे हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### जमीनी विवाद में कैंची से घोंप कर अधेड़ की हत्या

**लक्ष्मणपुर।** नरही थाना क्षेत्र के पिपरा कलां गांव के पिपरा खुर्द में आबादी की जमीन के विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने कौलेश्वर राजभर के सिने में कैंची घोंप दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया।
पिपरा कलां गांव के पिपरा खुर्द निवासी कौलेश्वर राजभर 48 वर्ष से आबादी की जमीन को लेकर पुष्पेन्द्र जो टेलर की दुकान चलाता है। विवाद चल रहा था बृहस्पतिवार की शाम को दोनों में विवाद हो गया। कौलेश्वर के सीने में कैंची पुष्पेन्द्र के तरफ से घोंप दिया गया इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई तथा कौलेश्वर राजभर को सीएचसी नरहीं लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया बलिया जाते समय रास्ते में कौलेश्वर राजभर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद घटनास्थल पर पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंच गए इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

**बिजली आपूर्ति हुई ठप : घर से लेकर दफ्तर तक लोग होते रहे परेशान, बैंक सेवाएं रहीं प्रभावित**

# विद्युत विभाग के कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार, पानी के लिए मचा हाहाकार

- विद्युत कर्मी बोले ऊर्जा मंत्री और सीएम के प्रमुख सलाहकार ने की वादाखिलाफी
- कॉलोनीवासियों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा, टंकी का पानी खत्म हो जाने के बाद लोगों को नहाना, कपड़ा धोना जलाभाव का करना पड़ा सामना

**केटी न्यूज/बलिया**

विभिन्न मांगों को लेकर विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा बुधवार से शुरू किए गए कार्य बहिष्कार का असर गुरुवार को देखने को मिला। क्या शहर क्या देहात चारो ओर बिजली आपूर्ति ठप कर दिए जाने से लोगों में हाहाकार मच गया। खासकर कॉलोनीवासियों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टंकी का पानी खत्म हो जाने के बाद लोगों को नहाना, कपड़ा धोना जलाभाव का सामना करना पड़ा। वहीं सप्लाई का पानी ना पहुंचने से लोगों को प्यास बुझाने के लिए भी दिक्कतों सामना करना पड़ा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजन बीबी सिंह ने बताया कि 3 दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार के बीच संघर्ष समिति के मांग पत्र पर जो समझौता हुआ था, उन सभी मांगों को लागू नहीं किया गया है। कहा कि हमारे मांगों को 15 दिन में लागू करने की बात कही गई थी, लेकिन हमने 110 दिन का समय दे दिया, फिर भी मांगों को पूरा नहीं किया गया। कहा कि जिले के सभी इलाकों में बिजली को चालू करके कर्मचारी बुधवार से ही कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं। अब कहीं भी बिजली बंद होगी तो उसको चालू नहीं किया जाएगा। उन्होंने राज्य विद्युत परिषद के गठन, 80 हजार संविदा कर्मचारियों को नियमित करने के साथ ही खाली पड़े 70 पदों पर नियुक्ति की आदि की मांग की।



**एसडीएम का प्रयास भी रहा विफलः** शहर में बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाने से परेशान लोगों की परेशानी दूर करने के लिए जिलाधिकारी ने अपने प्रतिनिधि के रूप में सदर एसडीएम प्रशांत नायक को परमांदापुर स्थित पावर हाउस में भेजे। एसडीएम ने बिजली विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसी ने एसडीएम की एक ना सूनी।

**अंदर ही अंदर सूबक रही जनता, कभी भी उतर सकती हैं सड़क परः** बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाने से जनता अंदर ही अंदर सूबक रही है। जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो जनता एक बार पिफर सड़क पर उतर सकती हैं। जिसके बाद स्थिति भयावह हो सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिसंबर महीने में बिजली कर्मचारी इसी प्रकार बिजली आपूर्ति ठप्प कर हड़ताल पर चले गए थे, उस समय ठंड का मौसम था, बावजूद जनता त्रस्त होकर सडक पर उतर आई थी। लेकिन इस बार गर्मी शुरू हो चुकी है, ऐसे में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो जिला प्रशासन को बड़े पैमाने में जनाक्रोश सामना करना पड सकता है।

**इंवर्टर देने लगा जवाबः** बीते 24 घंटे से बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाने से इंवर्टर भी जवाब देने लगा है। ऐसे में घरेलू वैद्युतिक उपकरण शो–पीस होने के साथ–साथ सरकारी तथा गैर सरकारी दफ्तरों की मशीनरी भी शोपीस होने में देर नहीं लगेगी। गुरुवार को ही बैंक सेवाएं जहां प्रभावित रही। वहीं बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण इंटरनेट सेवा भी बुरी तरह से प्रभावित होना शुरू हो गया है।

## गाजीपुर जनपद में कटौती का रहा मामूली असर

गाजीपुर जनपद में ज्यादातर एरिया में दिन में बिजली आपूर्ति जारी रही। जिला प्रशासन ने एक दिन पहले ही बैठक कर व्यवस्था दुरुस्त की थी। इसलिए बिजली कटौती का मामूली असर रहा।

## एक नजर

### नंदलाल गुप्ता आत्महत्या कांड : निजी मुचलके पर सात आरोपियों को मिली जमानत

**बलिया।** गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता आत्महत्या के मामले में सात आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने एक–एक लाख की निजी मुचलके पर जमानत दे दी। यहां बताना आवश्यक है कि जिले के अधिवक्ता हड़ताल पर है। बताया जाता है कि इन परिस्थितियों में आरोपियों ने न्यायालय के समक्ष जमानत के लिए खुद अपना पक्ष रखा। जिले के बहुचर्चित गन व्यवसायी आत्महत्या मामले में सूद के कारोबार के आरोपीगण बीते एक माह से जेल में बंद थे। वहीं जमानत हो जाने के बाद मृतक नंदलाल गुप्ता की पत्नी मोनी गुप्ता न्यायालय परिसर में ही रो–रो कर न्याय के लिए गुहार लगाती नजर आई। न्यायालय सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में जमानत की अर्जी पर सुनवाई हुई। जिसमें सुनवाई के बाद आरोपी सुनील कुमार मिश्र, राजीव कुमार मिश्र, आलोक सिंह उर्फ पिंटू, रणजीत सिंह उर्फ हनुमान सिंह, शैलेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, अजय सिंह उर्फ सिंघाल, देवनारायण सिंह उर्फ पूना सिंह को एक–एक लाख के निजी मुचलके पर जमानत मंजूर की गई। यहां बताना आवश्यक है ये सभी आरोपी गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के आत्महत्या के मामले में दर्ज मुकदमा की धारा 306, 420, 506के तहत जेल में निरूद्ध थे।

### पोखरे में मिली लावारिस मोटरसाइकिल

**मनियर बलिया।** मनियर थाना क्षेत्र के रानीपुर स्वर्गीय धूपा सिंह के पोखरे में एक लावारिस मोटरसाइकिल को दीवार की सुबह पानी में लोगों ने देखा। इसकी सूचना धीरे-धीरे जंगल में आग की तरह फैल गई ।किसी ने इसकी सूचना 112 डायल को दी। मौके पर पहुंची 112 डायल एवं थाने की पुलिस लावारिस मोटरसाइकिल को थाने लाई। उक्त मोटरसाइकिल पैशन प्रो यूपी 60 यू 4548 है। मोटरसाइकिल मिलने की घटना को लेकर लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। घटनास्थल के थोड़ी दूरी पर एक पर्स पड़ा हुआ था जिसमें एक फोटो तथा एक सिम कार्ड पुलिस को मिला। समाचार लिखे जाने तक लावारिस मोटरसाइकिल किसकी है। उस पोखरे में कैसे पहुंची। पता नहीं चल पाया।

### जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता बोले... एआईएमआईएम पार्टी में पिछड़े समाज का सम्मान

**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता के जनपद बलिया में प्रथम आगमन पर कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के उपरांत वो सर्वप्रथम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि एआईएमआईएम पार्टी सबकी लड़ाई लड़ती है। पिछड़े समाज का सम्मान एआईएमआईएम पार्टी में है। उन्होंने कहा कि जो सम्मान और जिम्मेदारी बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब और प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली साहब ने मुझे दिया है मैं उस पर पूरा खरा उतरने की कोशिश करूंगा। प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दलित समाज,पिछड़े समाज और अल्पसंख्यक समाज के लोग एक साथ लामबंद हो रहे हैं। बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी ने सबका दिल जीतने का काम किया है,हक और इंसाफ की बात रखने वाले देश में एकमात्र नेता केवल बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब ही हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के महासचिव कालिका प्रसाद,जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम,जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद,जिला कार्यसमिति के सदस्य नियाज अहमद,जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद,विधानसभा अध्यक्ष अशफाक अहमद,कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी,तितील कुमार,राम कुमार राजभर,छोटन राजभर,त्रिभुवन प्रसाद,सोनू शुक्ला,दीपक कुमार यादव,सनाउल्लाह खान आदि लोग मौजूद रहे।



### मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित एवं कंप्यूटराइज रेल टिकट काउंटर की जांच

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर टीए खान द्वारा अनारक्षित रेल टिकट एवं कंप्यूटराइज रेल टिकट काउंटर पर पहुंचकर उनके लेखा-जोखा की पड़ताल की। जांच के दौरान खान ने सबसे पहले अनारक्षित रेल टिकट पर पहुंचकर बुकिंग क्लर्क से पूरा डिटेल लिया एवं टिकटों की जांच की तथा कैश भी मिलाए। सुझाव दिया कि यात्रियों को टिकट देते समय विशेष सावधानी बरतें और अपने रखे हुए पैसे को भी मिलान कर लें। इसमें किसी प्रकार से कमी नहीं होनी चाहिए। अगर जांच के दौरान आपके काउंटर में अतिरिक्त पैसा पाया गया तो आप के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है। इसके बाद खान ने आरक्षण टिकट काउंटर पर पहुंचकर उनके सभी दस्तावेज एवं बने हुए रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने सबसे पहले अनारक्षित रेल टिकट रजिस्टर कंप्यूटर राइट रेल टिकट रजिस्टर लेखा-जोखा नगद रुपए का भी मिलान किया। जहां सब कुछ सही पाया गया। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक को सख्त निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन जो भी कार्य करें वह रजिस्टर में अंकित करके स्टेशन मास्टर से सत्यापित करा लें, जिससे जांच के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। लगभग 3 घंटे जांच पड़ताल के बाद वरिष्ठ चल लेखा निरीक्षक गोरखपुर को रवाना हो गए। इस मौके पर स्टेशन मास्टर राजकुमार गुप्ता आरक्षण वरिष्ठ लिपिक इंद्रेश यादव सूरज मौर्य आदि रेलवे के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौआश्रय जाकर पशुओं का उपचार करने का निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

एवियन इनफ्लुएंजा (ब्लड फ्लू) की रोकथाम निगरानी हेतु गठित जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। साथ ही जिले में स्थित सुरहाताल में विदेशी पक्षी और अन्य जिलों से आने वाली पक्षियों के माध्यम से वायरस आने की संभावना होती है और उस वायरस से अन्य पक्षियों में रोग फैलने की संभावना होती है। उन पक्षियों के बचाव के लिए रोकथाम की व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश को निर्देश दिए कि जिले में सभी गौआश्रय पर जाकर जांच करे , और गौआश्रय में जो कमियां हो गुणवत्तापूर्ण ठीक कर लिया जाय। पशुओं की स्थिति में सुधार होनी चाहिए। साथ ही जिले में 26 डॉक्टर तैनात हैं सभी डॉक्टरों को सख्त निर्देश गए दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सभी गौआश्रयो का निरीक्षण कर वहा के सचिव एवं ग्राम प्रधान से मिलकर सभी पशुओं का उपचार कराने को कहा तथा उपचार कर अवगत कराएं, ताकि इसकी समीक्षा किया जा सके। लापरवाही पाए जाने पर डॉक्टरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर ओम प्रकाश एवं समस्त पशु डॉक्टर उपस्थित रहे।



# गड़बड़ी करनेवालों पर करें कठोर कार्रवाई: एसपी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस लाइन के सभागार में गुरुवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस कप्तान ने सर्वप्रथम विभिन्न थानों से आए कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सभी थानों के थानाध्यक्षों के साथ अपराध गोष्ठी की। गैर जनपद से लगे सीमाओं पर किसी भी अपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा। उन्होंने मादक पदार्थों तथा अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। सभी स्टेशन अफसरों को सख्त निर्देश दिया गया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को कदापि न बख्शा जाए। सभी थाना प्रभारियों को लंबित विवेचनाओं की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए आदेशित किया जाए तथा यह भी निर्देश दिया गया कि किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी अपराध घटित न होने पाए। थाने के हिस्ट्रीशीटरों पर थाने के सिपाही से लेकर थाना प्रभारी तक नजर रखें। प्रत्येक थाना प्रभारी थाने पर आए हुए फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें एवं प्राप्त प्रार्थना पत्र का निस्तारण निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें। सभी आरक्षियों/महिला आरक्षियों को उनके बीट में भेजे व उनसे जानकारी प्राप्त करें। सम्बन्धित अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करें। अपराध गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व समस्त क्षेत्राधिकारी तथा समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहें।



**स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन**

# एनएसएस के माध्यम से होता है विद्यार्थियों का मानसिक व बौद्धिक विकास: डॉ. राघवेंद्र

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। सात दिनों तक चले इस शिविर में सभी इकाईयों की सहभागिता रही। सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० डॉ० राघवेंद्र कुमार पांडेय मुख्य अथिति के तौर पर मौजूद रहें।

उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत में माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही किया। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। माल्यार्पण करने वालों में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० त्रिनाथ मिश्र एवं डॉ. धर्मेंद्र रहे। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शिव शंकर यादव ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर पर केंद्रित विस्तृत रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। विगत सात दिनों तक अलग-अलग प्रतियोगिओं का आयोजन भी शिविर के दौरान किया गया। इन

प्रतियोगिताओं में भाग लिए समस्त स्वयंसेवक और स्वयंसेविकओं को प्राचार्य की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य पांडेय ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास संभव है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों का दृढ़ होकर मुकाबला कर सकतें है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना व्यापक अर्थ को विस्तार से कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बताया।

उन्होंने कहा कि एनएसएस में प्रयुक्त लाल एवं नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊजार्वान होने के लिए प्रेरित करता है। एनएसएस के चिन्ह की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि चिन्ह में बना पहिया निर्माण, संरक्षण के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। इसके साथ ही यह राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों को समाज से जोड़ता है। कहा कि स्वयं सेवकों ने अनुशासित एवं संयमित रहते हुए इस शिविर में हिस्सा लिया यह हर्ष का विषय है। प्राचार्य पांडेय ने खेलों का भी अपने उद्बबोधन में विशेष जिक्र किया।उन्होंने क्रिकेट टीम के खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव का उदाहरण भी दिया।

उन्होंने बताया कि सूर्य कुमार ने बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन कर गृह जनपद गाजीपुर एवं देश का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रुचि मूर्ति सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक कर्मचारी राम प्रवेश एवं नीरज सिंह के साथ अन्य भी उपस्थित रहे।



CMYK